13.08.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 02.10pm

प्रादेशिक समाचार

<u>हर घर तिरंगा मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में हर घर तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करेंगे। उनके साथ ही उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी मौजूद रहेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल रविन्द्र नाट्यगृह में डायबिटीज एवं मोटापा मुक्त भारत हेतु प्रिवेंटिव स्वास्थ्य अभियान शुभारम्भ भी करेंगे।

<u>तिरगा यात्रा</u>

केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज विदिशा और रायसेन जिले में आयोजित होने वाले तिरंगा यात्रा और स्वदेशी मार्च में शामिल होंगे। इसके पहले आज सुबह केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने आज भोपाल में अपने निवास पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा फहराया । उन्होंने सभी से अपने घरों पर तिंरगा फहराने की अपील की है।

<u>प्रदेश तिरंगा यात्रा</u>

प्रदेश में तिरंगा यात्राओं का दौर जारी है । कटनी में आज हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वतंत्रता के संग अभियान के तहत वन विभाग के मैदान से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें खजुराहो के सांसद बीडी शर्मा और जिले के प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह शामिल हुए। छिंदवाड़ा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्‌वारा आज स्वच्छता की शपथ ली गई और तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इसी तरह आबकारी विभाग द्‌वारा शहर में भव्य पैदल मार्च का आयोजन किया गया। छिंदवाड़ा शहर में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्‌युत वितरण कंपनी भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन भी आज किया गया। मैहर जिले में कल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसी तरह सतना में कल हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस परेड ग्राउंड से तिरंगा साइकिल यात्रा निकाली गई।

मिट्टी के गणेश

प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाओं के विसर्जन से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के उद्देश्य से खंडवा जिला प्रशासन ने इस बार इन प्रतिमाओं के निर्माण और विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही जिला प्रशासन मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं के निर्माण को प्रोत्साहित कर रहा है। कल एक निजी स्कूल में मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं के निर्माण के लिए कार्यशाला आयोजन किया गया । इसमें महापौर अमृता यादव ने कहा कि मिट्टी की मूर्ति ही स्थापित करें और पर्व संपन्न होने पर घर के किसी गमले में ही उसको विसर्जित कर पौधा लगा दें।

पेंशन-डिजिटल अभियान

इस वर्ष 1 से 30 नवंबर तक देश भर में चौथा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में पेंशनभोगियों के लिए चेहरा प्रमाणीकरण तकनीक का उपयोग किया जाएगा। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने कहा कि यह अभियान एक हजार आठ सौ पचास से अधिक जिलों, शहरों और कस्बों में चलाया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में आज भोपाल सहित कई जिलों में बादल छाए हुए हैं। दमोह में सुबह से बारिश जारी रही। नर्मदापुरम के पिपरिया में भी बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज 13 जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर जिले के स्व–सहायता समूहों के परिसंघ 'मुस्कान' को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रव्यापी समारोह में सम्मानित किया जाएगा।
- सतना जिले में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन और राष्ट्रीय वायरल हेपेटाईटिस कंट्रोल कार्यक्रम के तहत फील्ड स्टाफ का एक दिवसीय प्रशिक्षण आज जीएनएम धवारी सेंटर में आयोजित किया गया।
- मंदसौर जिले में एच.आई.वी./एड्स के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु कल जिला चिकित्सालय परिसर से रैली निकाल कर अभियान का शुभारंभ किया गया।
- मंडला जिले के शासकीय आईटीआई में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 12 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया।